# 17वें 'गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट' का उदघाटन

**शुभारम्भ**

## 126 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता हेतु कराया पंजीकरण

संवाददाता

देहरादून/नैनीताल। शुक्रवार प्रातः राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने राजभवन में गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा आयोजित 17वें ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट 2019'' का टी–ऑफ शॉट खेलकर, शुभारम्भ किया। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती मौर्य ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए गोल्फ प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की बढ़ती हुई रूचि को प्रसन्नता का विषय बताया। इस वर्ष 126 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता हेतु पंजीकरण कराया है।

राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ को बढ़ावा देने के लिए इण्डियन गोल्फ एसोसिएशन और उत्तरखण्ड गोल्फ एक साथ जुड़कर प्रयास कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता के तुरंत बाद 27 मई से राष्ट्रीय सब जूनियर–जूनियर लेवल की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। गोल्फ पर्यटन को बढ़ाने के लिए भी मददगार सिद्ध हो रहा है। गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन, नैनीताल सहित सम्पूर्ण उत्तराखण्ड की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक ''विशिष्ट पर्यटक स्थल'' के रूप में पहचान स्थापित करने में मददगार होगा। राज्यपाल ने बताया कि गोल्फ मे रूचि रखने वाले स्कूली बच्चों के लिए 'इण्टर स्कूल टूर्नामेंट' का आयोजन किया गया, जिससे गोल्फ को प्रोत्साहन मिल रहा है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि नैनीताल गोल्फ क्लब से प्रशिक्षित प्रतिभाएं राष्ट्रीयध्अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करेंगी। इस बार 17वें टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से 126 गोल्फर्स नैनीताल पहुंच चुके हैं जिनमें से आज 63 गोल्फर्स खेले। देश के विभिन्न राज्यों से आये खिलाडियों को उत्तराखण्ड की समृद्ध संस्कृति और लोक कला से परिचित कराने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड संस्कृति विभाग द्वारा शनिवार को राजभवन में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जायेगा।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव रमेश कुमार सुधांशु, ए.डी.सी.(पी.) गोल्फ क्लब के सचिव डा0 असीम श्रीवास्तव, ए.डी.सी रचिता जुयाल, गोल्फ कैप्टन कर्नल (रिटायर्ड) हरीश साह, राजभवन के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. ए.के. सिंह, उप निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, प्रायोजक, सहप्रायोजक संस्थानों के प्रतिनिधि, गोल्फर्स तथा मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



टी ऑफ शॉट खेलकर 17वें 'गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट' का उद्घाटन करती राज्यपाल बेबी रानी मौर्य।


# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## भाजपाइयों ने निकाली धन्यवाद विजय यात्रा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में मिली पांचों लोकसभा सीटों पर जीत के बाद भाजपा ने धन्यवाद यात्रा निकाली। बारिश के बावजूद भाजपाइयों ने जमकर खुशी मनाई। लोकसभा चुनाव में मोदी सुनामी में भाजपा ने एक बार फिर से प्रदेश की पांचों सीटों पर जीत हासिल की। टिहरी लोकसभा सीट की प्रत्याशी की रिकॉर्ड मतों से विजय के बाद शहर में पार्टी ने धन्यवाद विजय यात्रा निकाली।

इस मौके पर नवनिर्वाचित सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए जीत का श्रेय पीएम मोदी को दिया। विजय धन्यवाद यात्रा महानगर कार्यालय परेड ग्राउंड से कनक चौक, राजपुर रोड, घंटाघर, पलटन बाजार, पीपल मंडी होते हुए महानगर में सम्पन्न हुई। धन्यवाद यात्रा में नवनिर्वाचित लोकसभा सांसद टिहरी माला राज्य लक्ष्मी शाह, महापौर सुनील उनियाल गाम, विधायक गणेश जोशी और अन्य वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी, दायित्वधारी, पार्षद, बूथ अध्यक्ष, बीएलए आदि शामिल रहे।


धन्यवाद विजय यात्रा निकालते भाजपाई।

## न्यूज डायरी

### दून में झमाझम बारिश से मौसम सुहावना

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड में शुक्रवार को तड़के उत्तराखंड में मौसम ने करवट बदल ली। राजधानी देहरादून में सुबह से छाए बादलों के बाद सुबह नौ बजे झमाझम बारिश हुई। वहीं गढ़वाल के पहाड़ी इलाकों में भी कहीं कहीं बारिश ने भिगाया। हवा के साथ हो रही बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। देहरादून सहित आसपास के इलाकों में मौसम सुहावना हो गया। उत्तरकाशी के युमनोत्री में भी बारिश हुई। जिससे वहां ठंड बढ़ गई है। इधर पहाड़ों की रानी मसूरी में मौसम ने अचानक करवट बदल ली है। शुक्रवार सुबह इलाके में हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चलने लगीं, जिसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

### शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी की केदारनाथ आने की अटकलें

**संवाददाता** देहरादून। 17वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ देश की बागडोर फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सौंप दी है। बीजेपी ने इस बार 2014 से बड़ी ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है प्रधानमंत्री पद की दोबारा शपथ लेने के बाद मोदी केदारनाथ धाम आ सकते हैं। लोकसभा चुनाव 2019 के अंतिम चरण के मतदान से पहले 18 मई को पीएम मोदी केदारनाथ धाम आए थे। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ धाम में विशेष पूजा–अर्चना भी की थी। साथ ही एक क्विंटल का घंटा भी दान किया था। इसी के साथ पीएम प्राचीन गुफा में भी रुके थे, जहां उन्होंने करीब 17 घंटे तक साधना की थी। अगले दिन 19 मई को बदरीनाथ धाम गए थे।

### देश की सबसे बड़ी गेमिंग चैंपियनशिप ड्यू एरिना पहुंची रुड़की

**संवाददाता** रुड़की। माउंटेन ड्यू अपने बेहद सफल वार्षिक गेमिंग आयोजन ड्यू एरिना के साथ एक बार फिर वापसी कर रहा है। यह चौंपियनशिप तेजी से लोकप्रियता हासिल कर अब पहले से कहीं अधिक व्यापक बन चुकी है। 2016 में 22,000 प्रतिभागियों के साथ शुरुआत के बाद 2018 में इससे जुड़ने वाले प्रतिभागियों का आंकड़ा 7,00,000 तक पहुंच चुका है। देशभर में प्रतिभागी ट्रैवलिंग ड्यू एरिना गेमिंग ट्रक पर ऑन–ग्राउंड अथवा मोबाइल या ऑनलाइन माध्यमों से हिस्सा ले सकते हैं। अपने बेहतरीन नियोन गेमिंग ट्रक के साथ 23–25 मई के दौरान ड्यू एरिना रुड़की में होगा जिसमें 16 गेमिंग स्टेशन, वीआर हेडसेट लगे हुए हैं। ड्यू एरिना गेमिंग ट्रक पूरे देश में गेमिंग के शौकीनों के लिए अपनी तरह का अनूठा अनुभव प्रदान करता है।

## निशंक को मोदी मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर उठने लगी मांग

संवाददाता

देहरादून/हरिद्वार। लोकसभा चुनाव 2019 में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत से उत्साहित बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पूर्व उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय चोपड़ा के संयोजन मे बिरला चौक पर एक दूसरे को मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा हाईकमान से मांग की हरिद्वार से नव निर्वाचित लोकसभा चुनाव में जीत के आने वाले पूर्व मुख्यमंत्री, हरिद्वार से सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक जी को मोदी मंत्रिमंडल सम्मलित किए जाने की मांग को उठाया। ताकि भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य सबका साथ सबका विकास जैसी भावी योजनाओं को जन जन तक पहुँचया जा सके।

पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय चोपड़ा ने कहा डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक एक सूझबूझ के ज्ञाता के साथ उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड में भी मुख्यमंत्री जैसे पदों से सुशोभित किये जा चुके है, और माँ गंगा के संरक्षण के लिए नमामि गंगे जैसी योजना को धरातल पर लाने के लिए उनके सार्थक प्रयास रहे है। ऐसे में यदि बीजेपी हाईकमान केंद्रीय मंत्री मण्डल के रूप सम्मलित करते है। तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्ष्य पूर्ति व सबका साथ, सबका विकास व गंगा संरक्षण के करए तीर्वगति से क्रियान्वन होंगे।


बीजेपी के प्रचंड बहुमत से उत्साहित कार्यकर्ता रैली निकालते हुए।

## कार्य योजना तैयार कर शिक्षकों को सौंपे दायित्व : घिल्डियाल

देहरादून/रुद्रप्रयाग। जनपद के शासकीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर सुधारने के लिए जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में शासकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बच्चों का सर्वागीण विकास हो, इसके लिए सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य कार्य योजना तैयार करें व विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को दायित्व सौंपे।

शिक्षकों का पाठन इस प्रकार होना चाहिए, जिसमें विद्यार्थी विश्यवस्तु में रूचि लें। मुझे उम्मीद है कि नये सत्र से शिक्षक व प्रधानाचार्य नई उत्साह, उमंग के साथ कार्य करेंगे और शिक्षा के स्तर को एक्सीलेंस तक लेकर जायेंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने शिक्षकों को नवीन संसाधनों का प्रयोग कर विश्यवस्तु को सरल बनाने, शिक्षा की छवि को सुधारने, समय–तकनीक के साथ बदलने की, आम आदमी का सरकारी स्कूलों के प्रति विश्वास को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। कहा कि यह सच है कि आपकी समस्याएं है, मगर सकारात्मकता से पचास प्रतिशत व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है। डीएम ने कहा कि जब तक प्रधानाचार्य अपना सौ प्रतिशत विद्यालय में नहीं देंगे, तब तक शिक्षा का स्तर सुधारना मुश्किल है।